राज्य मंत्री
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
(स्वतंत्र प्रभार)
रसायन एवं उर्वरक
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

मनसुख मांडविया
MANSUKH MANDAVIYA

Minister of State
For Ports, Shipping and Waterways
(Independent Charge) and
Chemicals & Fertilizers
Government of India

<u>आईडबलयूटी-11011-24-2021</u>

**08 मार्च, 2021**

Respected Sh. Mishraji,

कृपया अपने पत्रांक: 15/2021 दिनांक 06.01.2021 का अवलोकन करें जो मिथला क्षेत्र में स्थित कमला नदी को जल परिवहन के रूप में विकसित करने के सम्बन्ध में है।

2. मैंने मामले की जाँच भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा. अं. ज. प्रा.) द्वारा करवा ली है। जल परिवहन विकास के क्षेत्र में, भा. अं. ज. प्रा. की भूमिका केवल शिपिंग और नेविगेशन के लिए ऐसे जलमार्गों को विकसित करना है, जिन्हें संसद के राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। अब तक देश में 111 (5 पूर्व घोषित एवं 106 नये ) राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किये जा चुके है जिसमें कमला नदी शामिल नहीं है।

3. भा. अं. ज. प्रा. ने यह सूचित किया है कि उपरोक्त राष्ट्रीय जलमार्गों के टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी एवं डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट अध्ययनों के उपरांत यह पाया गया है कि फ़िलहाल केवल 23 राष्ट्रीय जलमार्ग, जल परिवहन से मालवाही यातायात के लिए उपयुक्त हैं। वर्तमान में, उपरोक्त 23 राष्ट्रीय जलमार्गों में से, 13 राष्ट्रीय जलमार्गों पर विकास कार्य चरण-बद्ध तरीके से किया जा रहा है। सरकार द्वारा फिलहाल इन तकनिकी एवं इकोनोमिकली फिजिबल राष्ट्रीय जलमार्गों को पहले विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं किसी भी नए जलमार्ग विकास का प्रस्ताव इनके विकास के उपरांत ही किया जा सकेगा। तदानुसार, कमला नदी को जल परिवहन के रूप में विकसित किया जाना फिलहाल संभव नहीं है।

4. आशा करता हूँ कि मेरे मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई उपरोक्त जानकारी से आप संतुष्ट होंगे।

भवदीय

Regards,

**(मनसुख मांडविया)**

**श्री नितीश मिश्रा,**
माननीय विधान सभा सदस्य, बिहार
112, कौटिल्य नगर, पटना-800014

Room No. 201, Transport Bhawan, New Delhi - 110001 Tel.: 011-23717422, 23717423, 23717424 Fax : 011-23356709

नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 15/2021
Dt- 06-01-2021

आदरणीय मंत्री महोदय,

विषयः– **मिथिला क्षेत्र में स्थित कमला नदी को जल परिवहन के रूप में विकसित करने के संबंध में।**

''आत्मनिर्भर भारत'' की संकल्पना को साकार करने एवं यातायात क्षेत्र में जल परिवहन की एक मुख्य भूमिका है। बिहार का उत्तरी इलाका मिथिला एवं सीमांचल नदियों की तलहटी में बसा है, जहाँ जल परिवहन की अपार संभावना है। जल परिवहन अन्य परिवहन से ज्यादा सस्ता यातायात एवं सामानों की ढूलाई का एक सुगम मार्ग हैं। बढ़ते जल परिवहन की आवश्यकता एवं इसकी संभावना पर आपकी हर समय पैनी नजर रही हैं और इसके लिए सार्थक प्रयास भी किये हैं, जो भविष्य में यातायात का प्रमुख साधन परिलक्षित है।

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर एक प्रमुख विकसित शहर है, जहाँ व्यवसाय का प्रमुख केन्द्र है। कमला नदी के तट पर बसा झंझारपुर इलाके के दूर–दूर के लोगो का एक विशाल मंडी भी है। कमला नदी निरंतर बहने वाली नदी है, जिसमें जल परिवहन की अपूर्व संभावना है। पोरबंदर से सिलचर (ईस्ट वेस्ट कोरिडोर) के मध्य एन.एच–57 से राज्य के विभिन्न जिलों के साथ अंतर्राज्यीय परिवहन सेवा चालू है। ''आत्मनिर्भर बिहार'' की परिकल्पना के बगैर ''आत्मनिर्भर भारत'' की संकल्पना अधूरी होगी। ''आत्मनिर्भर बिहार'' के लिए जल परिवहन की संभावना तलाशना आज की जरूरत है, जिसमें कमला नदी का एक योगदान हो सकता है। जल परिवहन के क्षेत्र में उत्तर बिहार (मिथिला सहित अन्य) की नदियां मील का पत्थर साबित हो सकता है।

अतएव अनुरोध है कि कमला नदी में जल परिवहन विकसित करने एवं इसकी संभावना तलाशने के लिए व्यवहारिक रूप में सर्वेक्षण हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

**नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!**

**सेवा में,**

**श्री मनसुख मांडविया जी,**

**माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ,**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय,**

**भारत सरकार**

भवदीय

Nitish Mishra
6·1·2021

**(नीतीश मिश्रा)**

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in